# वित्तीय व्यय की समीक्षा आख्या –अयोध्या मण्डल
## भ्रमण तिथि–18 से 20 जुलाई, 2024

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार (कार्यालय पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0 एण्ड ई0/2024–25/04/1873–2 दिनांक–04–07–2024 के संदर्भ में राज्य स्तरीय टीम के द्वारा वित्तीय व्यय की समीक्षा हेतु दिनांक 18 से 20 जुलाई, 2024 तक अयोध्या मण्डल का स्थलीय पर्यवेक्षण किया गया।

## राज्य स्तरीय टीम के सदस्यः–

डा0 अनामिका मिश्रा, महाप्रबंधक–अनुश्रवण एवं मूल्यांकन., एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।
श्री इन्द्रजीत सिंह, परामर्शदाता, किशोर स्वास्थ्य, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।
श्री मृदुलराज जोशी, तकनीकी एक्जीक्यूटिव, वित्त अनुभाग, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।

## दल द्वारा पर्यवेक्षण के दौरान की गयी गतिविधियां–

- संयुक्त निदेशक–अयोध्या मण्डल, मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपदीय नोडल अधिकारियों के साथ वित्तीय व्यय की समीक्षा बैठक।
- मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक में जनपद अयोध्या एवं अमेठी के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आर.सी.एच द्वारा प्रतिभाग नहीं किया गया।
- जनपदों में मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपदीय नोडल अधिकारियों के साथ निम्न तालिकानुसार वित्तीय व्यय की समीक्षा बैठक की गयी :–

| क.स. | तिथि | जनपद |
|---|---|---|
| 1. | 18 जुलाई, 2024 | मण्डल स्तरीय एवं जनपद अयोध्या |
| 2. | 19 जुलाई, 2024 | जनपद अमेठी, सुल्तानपुर एवं अम्बेडरनगर |
| 3. | 20 जुलाई, 2024 | जनपद बाराबंकी |

दिनांक 18 से 20 जुलाई, 2024 के मध्य राज्य स्तरीय गठित टीम द्वारा अयोध्या मण्डल का भ्रमण किया गया जिसमें आवंटित बजट के सापेक्ष किये गये व्यय की प्रगति की समीक्षा अयोध्या मण्डल स्तर पर की गयी। मण्डल स्तरीय बैठक में संयुक्त निदेशक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय के एकाउन्टेण्ट, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला लेखा प्रबन्धक, डी0सी0पी0एम0 तथा जनपद स्तरीय बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय के एकाउन्टेण्ट, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला लेखा प्रबन्धक, डी0सी0पी0एम0, विभिन्न कार्यक्रमों के जनपदीय कंसल्टेंट/प्रोग्राम कोआर्डिनेटर, बी.सी.पी.एम., बी.ए.एम आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया है।

उक्त के क्रम में दिनांक 18 से 20 जुलाई, 2024 की समीक्षा बैठक में अयोध्या मण्डल के जनपदों में कुल व्यय की प्रगति की स्थिति निम्नानुसार है–

**Ayodhya Division Expenditure Status**

Committed Expenditure Status

| District | Allocated Budget | Expenditure 16.07.24 | Expenditure 26.07.24 | Increase | Increase in % |
|---|---|---|---|---|---|
| DHS, AMBEDKAR NAGAR, UP [NHMUP] | 70,942,517.00 | 1,546,556.00 | 4,767,161.00 | 3,220,605.00 | 4.5% |
| DHS, AMETHI, UP [NHMUP] | 93,600,188.00 | 14,100,071.00 | 17,723,283.00 | 3,623,212.00 | 3.9% |
| DHS, BARABANKI, UP [NHMUP] | 248,323,091.00 | 75,644,341.20 | 81,704,986.20 | 6,060,645.00 | 2.4% |
| DHS, AYODHYA, UP [NHMUP] | 118,797,440.00 | 7,925,013.00 | 15,027,975.00 | 7,102,962.00 | 6.0% |
| DHS, SULTANPUR, UP [NHMUP] | 97,404,291.00 | 11,277,799.00 | 15,608,761.00 | 4,330,962.00 | 4.4% |
| | 629,067,527.00 | 110,493,780.20 | 134,832,166.20 | 24,338,386.00 | 3.9% |

Regular Expenditure Status

| District | Allocated Budget | Expenditure 16.07.24 | Expenditure 26.07.24 | Increase | Increase in % |
|---|---|---|---|---|---|
| DHS, AMBEDKAR NAGAR, UP [NHMUP] | 996,064,215.00 | 107,700,795.00 | 112,237,924.00 | 4,537,129.00 | 0.5% |
| DHS, AMETHI, UP [NHMUP] | 799,343,128.00 | 99,308,074.00 | 104,950,995.00 | 5,642,921.00 | 0.7% |
| DHS, BARABANKI, UP [NHMUP] | 1,417,646,320.00 | 145,296,579.74 | 154,304,277.74 | 9,007,698.00 | 0.6% |
| DHS, AYODHYA, UP [NHMUP] | 1,223,595,838.00 | 136,801,490.00 | 144,608,063.00 | 7,806,573.00 | 0.6% |
| DHS, SULTANPUR, UP [NHMUP] | 1,068,648,282.00 | 94,396,961.00 | 101,459,226.00 | 7,062,265.00 | 0.7% |
| | 5,505,297,783.00 | 583,503,899.74 | 617,560,485.74 | 34,056,586.00 | 0.6% |

Total Expenditure Status

| District | Allocated Budget | Expenditure 16.07.24 | Expenditure 26.07.24 | Increase | Increase in % |
|---|---|---|---|---|---|
| DHS, AMBEDKAR NAGAR, UP [NHMUP] | 1,067,006,732.00 | 109,247,351.00 | 117,005,085.00 | 7,757,734.00 | 0.7% |
| DHS, AMETHI, UP [NHMUP] | 892,943,316.00 | 113,408,145.00 | 122,674,278.00 | 9,266,133.00 | 1.0% |
| DHS, BARABANKI, UP [NHMUP] | 1,665,969,411.00 | 220,940,920.94 | 236,009,263.94 | 15,068,343.00 | 0.9% |
| DHS, AYODHYA, UP [NHMUP] | 1,342,393,278.00 | 144,726,503.00 | 159,636,038.00 | 14,909,535.00 | 1.1% |
| DHS, SULTANPUR, UP [NHMUP] | 1,166,052,573.00 | 105,674,760.00 | 117,067,987.00 | 11,393,227.00 | 1.0% |
| | 6,134,365,310.00 | 693,997,679.94 | 752,392,651.94 | 58,394,972.00 | 1.0% |

**जनपदों में समीक्षा बैठक के दौरान निम्न बिन्दु संज्ञान में आये :-**

- जनपद एवं ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम अधिकारियों तथा लेखा प्रबन्धक के मध्य समन्वय की कमी के कारण समयानुसार धनराशि के व्यय कमी पायी गयी।
- लेखा प्रबंधकों द्वारा मासिक रूप से कार्यक्रम अधिकारियों को व्यय की सूचना उपलब्ध कराने में विलम्ब किया गया।
- जनपद बाराबंकी एवं अयोध्या में आवश्यकता से अधिक धनराशि कमिट करायी गयी है। कमिट कराते समय कार्यक्रम अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित नहीं किया गया था।
- जनपद बाराबंकी एवं अयोध्या में पीयर एजुकेटर प्रशिक्षण की धनराशि कमिट करायी गयी है। परन्तु प्रशिक्षण अभी तक प्रारम्भ नहीं किया गया है।
- जनपद अयोध्या में विफ्स एवं जूनियर विफ्स रजिस्टर विफ्स अनुपालन प्रपत्र की धनराशि वर्ष 2022–23 से कमिट करायी गयी है। परन्तु अभी तक मुद्रण प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गयी है।
- अधिकांश जनपदों में पी.बी.आई. एवं आशा टी.बी.आई. का भुगतान लम्बित है।
- जनपद अमेठी में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण एवं आर.बी.एस.के. वाहन का टेण्डर प्रक्रिया लम्बित है।
- जनपद सुल्तानपुर में बॉयावेस्ट का भुगतान लम्बित है।
- जनपद बाराबंकी, सुल्तानपुर एवं अयोध्या में उपकेन्द्र भुगतान लम्बित है।
- जनपद अम्बेडकर नगर द्वारा स्कूल हेल्थ एण्ड वेलनेस कार्यक्रम हेतु धनराशि कमिट नहीं करायी गयी है और न ही राज्य स्तर पर सूचना प्रेषित की गयी।
- जनपद सुल्तानपुर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अपेक्षित सहयोग नहीं प्रदान किया गया।

**स्थान : आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्यारेपुर, ब्लाक कटेहरी जनपद अम्बेडकर नगर**

- उपकेन्द्र भवन अलग से होने बावजूद भी सी.एच.ओ. एवं ए.एन.एम. के मध्य समन्वय से 19 जुलाई 2024 तक 82 संस्थागत प्रसव कराये गए हैं तथा प्रसव के सापेक्ष 40 पीपीआईयूसीडी लगाया गया है जो की सरहनीय है।
- 62 आवश्यक दावाओं के सापेक्ष मात्र 35 दवाएं उपलब्ध हैं, अन्य दवाओ का इंडेंट कर शीघ्र उपलब्ध करना सुनिश्चित करें। उपलब्ध दवाओ एवं जांच डिसप्ले कराया जाय।
- प्रिंटेड ओपीडी,जांच रजिस्टर, स्टॉक रेफरल रजिस्टर उपलब्ध नहीं हैं, गुणवत्तापूर्ण दस्तावेजीकरण हेतु उपरोक्त प्रिंटेड रजिस्टर उपलब्ध कराये जाने की आवश्यकता है। डेड स्टॉक रजिस्टर उपलब्ध है तथा भरा गया है।
- केस शीट उपलब्ध नहीं है तथा उपस्थित एएनएम को पार्टोग्राफ भरने के बारे मे जानकारी नहीं है, एल1 केस शीट उपलब्ध कराया जाय तथा मातृ स्वास्थ्य परमर्शदात्री नर्स मेंटर के माध्यम से पार्टोग्राफ भरने हेतु संवेदीकृत करें।
- 1 अप्रैल 2024 से 19 जुलाई 2024 तक 61 महिलाओ की एएनसी जांच की गयी हैजो की जनसंख्या के सापेक्ष कम है एएनएम एवं सीएचओ को गुनवात्ता पूर्ण एएनसी पर ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है, एएनसी बढ़ाने के लिए आशा वार समीक्षा की आवश्यकता है।
- जिन महिलाओं को पीपीआईयूसीडी की सेवा दी गयी है उनका नियमित अंतराल पर फॉलो–अप अवश्य किया जाय।
- प्रसव कक्ष में Delivery ट्रे , Emergency Drugs ट्रे उपलब्ध नहीं है चिकित्सा अधीक्षक शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
- उपकेंद्र के अंतर्गत 6371 की जनसंख्या पर 30 वर्ष से अधिक उम्र के 2357 व्यक्ति हैं जिसके सापेक्ष अभी तक मात्र 959 व्यक्ति ही एनसीडी पोर्टल पर पंजीकृत हैं 959 के सापेक्ष 907 व्यक्तियों की 1st स्क्रीनिंग हो चुकी है तथा 207 व्यक्तियों की 2nd स्क्रीनिंग पूर्ण हो चुकी है।
- जांच किट में आयोडीन, पानी की जांच किट, Hep–B, फायलेरिया जांच किट उपलब्ध नहीं है।
- प्रसव कक्ष में IEC एवं प्रोटोकॉल पोस्टर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय।
- BMW दिशा निर्देश के अनुसार उपलब्ध बिन का उपयोग नहीं किया जा रहा है, निर्धारित दिशा निर्देश डिस्प्ले कराया जाय तथा दिशा निर्देश के अनुसार ही ठडं मैनेजमेंट किया जाय ।

- FPLMIS पोर्टल के माध्यम से परिवार नियोजन साधनों का इंडेंट तथा सेवा देने के पश्चात इश्यू टू क्लाइंट किया जा रहा है।
- आवश्यक दवाओं हेतु डीवीडीएमएस पोर्टल का प्रयोग करने हेतु निर्देशित किया गया।
- उपस्थित सीएचओ को आईपीएचएस नोर्म्स, KOBO टूल आदि के बारे मे विस्तृत जानकारी नहीं है।

**<u>सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, ब्लाक कटेहरी जनपद अम्बेडकर नगर</u>**

- OT Technicians की संख्या कम है एवं NBSU क्रियाशील नहीं है।
- लेबररूम में लेबर टेबल पर रखी पिलो बहुत ही गंदी है, लेबर टेबल पर कॅलिस पैड नहीं है। लेबररूम में डिजिटल वॉल क्लॉक नही थी एवं एसी नहीं लगा है। लेबररूम में Wall mounted thermometer नहीं है।
- लेबररूम में Autoclave फंक्शनल नहीं है। ऑटोक्लेव किया हुआ Delivery सेट नहीं रखा गया है जबकि निर्धारित मानक के अनुसार हमेशा 2 ऑटोक्लेव किया हुआ Delivery सेट रखा जाना आवश्यक है।
- MNH tool kit के अनुसार लेबर रूम हेतु आवश्यक ट्रे, दवाओं एवं उपकर.ाों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।
- निर्धारित मानक अनुसार प्रसव मे प्रयोग किए जाने वाले इन्स्ट्रुमेंट को विसंक्रमित किया जाय।
- अंतराल एवं प्रसव पश्चात परिवार नियोजन की उपलब्धता से संतुष्ट,परिवार नियोजन काउंसलिंग कॉर्नर की स्थापना की जाय तथा काउंसलिंग हेतु स्टाफ नर्स को नामित किया जाय।
- E-kavach पर डाटा एंट्री एवं दी गई सेवाओं को अपडेट किया जाय।
- क्षयरोग नियंत्रण हेतु स्पुटम कलेक्शन सेंटर की स्थापना की जाय तथा अन्य जांचों हेतु आवश्यक रिजेंट उपलब्ध कराया जाय।
- कमरों मे सीलन बहुत है एवं ओ.पी.डी. रूम मे एसी, कूलर की व्यवस्था नहीं है।

**<u>स्थान : आयुष्मान आरोग्य मंदिर भटगांव, ब्लाक गौरीगंज जनपद अमेठी</u>**

- केन्द्र पर प्रतिदिन ओ.पी.डी. लगभग 22 लाभार्थियों की है।
- 1570 सी बैक 2929 लक्ष्य के सापेक्ष भरा गया है तथा 1470 एन.सी.डी. स्क्रीनिंग, हाइपरटेंशन ओरल कैंसर एवं डायबिटीज स्क्रीनिंग की गयी थी।
- पुरुष सी.एच.ओ. होने के कारण सेंटर पर ब्रेस्ट कैंसर की स्क्रीनिंग नहीं की जा रही है तथा ए. एन.एम. उक्त के संदर्भ में प्रशिक्षित नही है।
- महिलाओं एवं पुरूष के लिए अलग से शौचालय की व्यवस्था नही है तथा शौचालय में रनिंग वॉटर की सुविधा भी नहीं है।
- ए.एन.एम. सब सेंटर जर्जर अवस्था में है, जिसके कारण ए.एन.एम. द्वारा सेवायें देने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। केन्द्र पर प्रसव की सुविधा नही है।
- ए.एन.एम. द्वारा आर.सी.एच. पोर्टल/अनमोल ऐप पर कार्य नहीं किया जा रहा है।
- ए.एन.एम. के पास वी.एच.एस.एन.डी. का माइक्रोप्लान उपलब्ध नहीं पाया गया।
- केन्द्र पर पिछले वित्तीय वर्ष एवं इस वर्ष की ट्रिपल 'ए' बैठक में आंगनवाडी कार्यकत्री द्वारा प्रतिभाग नहीं किया गया है, जबकि उपकेन्द्र के अर्न्तगत 06 कार्यकत्री कार्यरत हैं। ट्रिपल 'ए' बैठक के बारे में ए.एन.एम. का अभिमुखीकरण भी नहीं था।
- सिकेल सेल रैपिड टेस्ट जांच किट पानी की जांच किट उपलब्ध नहीं थी।

**<u>मण्डलीय समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देश/सुझाव :-</u>**

- दिनांक 18.07.2024 को मण्डलीय अपर निदेशक कार्यालय में सम्पन्न समीक्षा बैठक में नोडल अधिकारी द्वारा अयोध्या मण्डल के समस्त जनपद को आवंटित/कमिटेड बजट धनराशि के सापेक्ष प्रतिदिन समीक्षा करते हुए दिनांक 20.07.2024 तक समस्त कमिटेड लायबिलिटीज के लंबित भुगतानों का शत प्रतिशत व्यय कर एफ0ए0एम0एस0 पोर्टल पर अपडेट करना सुनिश्चित करें।

- मण्डलीय अपर निदेशक एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सुझाव दिया गया कि मासिक रूप से सभी कार्यक्रमों के कार्यक्रम अधिकारियों के साथ मदवार वित्तीय समीक्षा किया जाये एवं कम व्यय वाले मद को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करायें।
- लेखा प्रबंधक द्वारा प्रत्येक माह सम्बंधित कार्यक्रम अधिकारियों को वित्तीय समीक्षा हेतु एफ.एम. आर. कोडवार व्यय की सूचना उपलब्ध करायें ताकि कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा स्वयं के स्तर से भौतिक समीक्षा के साथ–साथ वित्तीय समीक्षा भी की जा सके।
- जनपद में कार्यक्रम अधिकारियों एवं लेखा प्रबंधकों के मध्य समन्वय स्थापित कर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।
- कमिटेड धनराशि जिसकी लॉयबिलिटी हो उन्हीं धनराशि को व्यय हेतु कार्ययोजना बनाकर नियमानुसार व्यय करायें एवं शेष धनराशि को सरेण्डर करते हुये राज्य स्तर को पत्र द्वारा सूचित करें।
- जिस धनराशि का व्यय किया जा चुका है। उसको अविलम्ब एफ.ए.एम.एस. पोर्टल पर व्यय अंकन कराना सुनिश्चित करें।
- कार्यदायी संस्था द्वारा व्यय की गयी धनराशि का यू.ओ.ई. प्राप्त कर अविलम्ब एफ.एम.एम.एस. पोर्टल पर अंकन कराना सुनिश्चित करायें।
- जनपद में यदि कोई टेण्डर लम्बित है या टेण्डर करने में किसी भी प्रकार की समस्या आ रही है तो राज्य स्तर पर सम्बंधित अनुभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक निर्देश प्राप्त करें। साथ ही यदि जनपद द्वारा कराये गये किसी भी कार्य का भुगतान लम्बित है, तो अविलम्ब कार्यवाही करते हुये नियमानुसार भुगतान कराना सुनिश्चित करें।
- समीक्षा के दौरान संज्ञान में कि कई कार्यक्रमों के दिशा–निर्देश जनपद में उपलब्ध नही हैं। परन्तु कार्यक्रम हेतु धनराशि जनपदों में कमिट करायी गयी है। निर्देशित किया गया कि राज्य स्तर पर सम्बंधित अनुभाग से समन्वय स्थापित कर अविलम्ब दिशा–निर्देश प्राप्त कर कार्य को पूर्ण करायें।

इन्द्रजीत सिंह
तकनीकी सलाहकार– किशोर स्वास्थ्य
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ०प्र०

Mridul Raj Joshi
Technical Support
SPMU (NHM)

(डा० अनामिका मिश्रा)
महाप्रबंधक, (एम० एण्ड ई०)
एस०पी०एम०यू०/एन०एच०एम०